

# निष्क्रिय ## टीबी संक्रमण	# सक्रिय ## टीबी रोग
मैं स्वस्थ हूँ।	मुझे एक गंभीर बीमारी है जिसका यदि इलाज नहीं किया गया, तो वह मुझे मार सकती है।
मेरे शरीर में टीबी के कीटाणु “सुप्तावस्था” में हैं लेकिन वे भविष्य में “जागृत” हो सकते हैं।	टीबी के कीटाणु “जाग गए” हैं।
मुझमें कोई रोग-लक्षण नहीं हैं।	संभव है कि मुझमें ये रोग-लक्षण हों – कफ़, बुख़ार, वजन में कमी, रात में पसीना आना।
मेरे सीने का एक्स-रे सामान्य है।	मेरे सीने का एक्स-रे असामान्य हो सकता है।
मैं रोग संचारक नहीं हूँ।	मैं रोग संचारक (संक्रामक) बन सकता हूँ और जब मेरे खाँसने, हँसने या बोलने से टीबी के कीटाणु हवा के ज़रिये फैलेंगे तो अन्य लोगों को संक्रमित कर सकता हूँ।
टीबी त्वचा परीक्षण या रक्त परीक्षण कराने पर मुझे सकारात्मक (पॉज़िटिव) परिणाम प्राप्त हुए हैं।	संभव है कि मेरे बलगम का परीक्षण किए जाने पर उसका परिणाम सकारात्मक (पॉज़िटिव) निकले।

क्या मेरे *निष्क्रिय टीबी संक्रमण* (सुप्त कीटाणु) जागृत हो सकते हैं और मुझे सक्रिय टीबी रोग उत्पन्न कर बीमार कर सकते हैं?

हाँ, और कुछ निश्चित कारक मेरे जोखिम को बढ़ाते हैं!

- मैं हाल ही में एक अन्य देश से आया हूँ, जहाँ टीबी होना सामान्य बात है।
- मुझे एचआईवी है।
- मैं एक ऐसे व्यक्ति के संपर्क में था, जिसे सक्रिय टीबी थी।
- मैं डायबिटीज़, गुर्दे की विफलता, या कैंसर से ग्रस्त हूँ।
- मेरे आमाशय के एक भाग को हटाने के लिए मेरी सर्जरी हुई थी।
- मैं अस्पताल, जेल, नशीली दवा से प्रभावित लोगों के पुनर्स्थापन केंद्र या शरण-स्थल में कार्य करता हूँ।
- मैं इंजेक्शन (सूई) के ज़रिये ली जाने वाली नशीली दवाओं का उपयोग करता हूँ।
- मुझमें एक अंग का प्रत्यारोपण हुआ है।
- मैं त्वचा, जोड़ों और आमाशय एवं आँत संबंधी बीमारियों के इलाज के लिए प्रेडनिसोन (स्टेरॉयड्स) जैसी कुछ दवाएँ, अथवा अन्य पिल्स (गोलियाँ) या इंजेक्शन्स लेता हूँ, जो मेरी रोग प्रतिरक्षा प्रणाली पर असर डालते हैं।

यदि मुझे *निष्क्रिय टीबी संक्रमण* हो गया है, तो क्या मैं सक्रिय टीबी रोग से बीमार पड़ जाने की संभावनाओं को कम कर सकता हूँ?

हाँ, मैं तपेदिक की रोकथाम कर सकता हूँ!

मैं सुरक्षित, प्रभावी दवाएँ ले सकता हूँ।

Published 2018 – Hindi

NYC HEALTH+ HOSPITALS | Bellevue
NYU School of Medicine NYU LANGONE MEDICAL CENTER
UF UNIVERSITY of FLORIDA
Southeastern National Tuberculosis Center SHARE • LEARN • CURE